संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U.T. Administration of Daman & Diu
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण / Official Language Department, Fort Area, Moti Daman

सं. रा.भा.11(20)/पत्रिका प्रका/खण्ड-II/ दमण /2000-17/14/654160 दिनांक 20/03/ 2017.

# दर सूची

विषय :- विभागीय हिन्दी पत्रिका राजभाषा दमणगंगा के 15वें अंक के मुद्रण हेतु दर-सूची (Quotation) आमंत्रण ....

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर यह सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा विभागीय वार्षिक हिन्दी पत्रिका **राजभाषा दमणगंगा** का 15वाँ अंक प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है । जिसके लिए दर-सूची (Quotation) आमंत्रित की जाती है ।

इसलिए आपसे अनुरोध है कि उक्त पत्रिका के मुद्रण हेतु अपनी दर-सूची (Quotation) मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 30.03.2017 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण के सहायक निदेशक के कक्ष में रखे हुए कोटेशन बॉक्स में डाल दें अथवा ऊपर निर्धारित दिनांक एवं समय से पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाने के लिए उपर्युक्त पते पर पंजीकृत पावती डाक द्वारा भेज दें । दिनांक 30.03.2017 को अपराह्न 4.00 बजे कोटेशन बॉक्स खोला जाएगा एवं उसी समय एक समिति द्वारा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा । इच्छुक कोटेशनदाता इस कार्यवाही में शामिल हो सकते हैं ।

पत्रिका के मुद्रण संबधी विवरण एवं शर्तें नीचे इस प्रकार है ; -

- पत्रिका का आकार 26 X 20 से.मी. होगा ।
- 120 जी.एस.एम. आर्टकार्ड युक्त आवरण पृष्ठ होगा ।
- आवरण पृष्ठ की चारों ओर (अंदरूनी और बाहरी पार्श्व पर) चार रंगों में छपाई होगी ।
- आवरण पृष्ठ पर सामने और पिछले पार्श्व पर लैमिनेशन कवर चढ़ाया जाएगा ।
- संदेश हेतु कुल 08 भीतरी पृष्ठ 100 जी.एस.एम. के आर्ट पेपर होंगे ।
- केवल रंगीन फोटोग्राफ छापने के लिए भीतर 02 अतिरिक्त 100 जी.एस.एम. के आर्ट पेपर होंगे ।
- भीतरी पृष्ठ 80 जी.एस.एम. मैपलिथो प्रकार के रंगीन होंगे, जिसमें लेख के साथ-साथ लेखकों के फोटोग्राफ (रंगीनयुक्त) छपवाये जायेंगे ।
- पत्रिका में संदेश हेतु निर्धारित 08 पृष्ठों सहित लगभग 70 पृष्ठों में दोनों ओर छपाई होगी । आवरण पृष्ठ एवं फोटोग्राफ वाले पृष्ठों पर फोटो के Caption भी छापे जाएंगे ।
- पत्रिका की 800 प्रतियाँ छापी जायेंगी ।
- मुद्रण की जो दर दी जाएगी वह सभी करों एवं शुल्कों सहित होनी चाहिए ।
- राजभाषा विभाग, दमण में दिनांक 31.05.2017 को 10.00 बजे (पूर्वाह्न) अथवा उससे पहले अंतिम रूप से मुद्रित पत्रिका की 800 प्रतियाँ देनी होंगी ।
- मुद्रण के लिए चुने गए प्रिटिंग प्रेस की क्षमता का निरीक्षण भी किया जाएगा ।
- यह प्रमाणपत्र भी देना होगा कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों का अंतिम मुद्रण प्रूफ रीडिंग के आधार पर ही किया जाएगा । कृपया कोटेशन के साथ पत्रिका में उपयोग किये जाने वाले कागजों का नमूना संलग्न करें । प्रूफ रीडिंग के बाद त्रुटिपूर्ण प्रकाशन की संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं मुद्रक की होगी, जिसके लिए रकम की कटौती की जा सकती है ।
- कोटेशन सूची में सभी विवरण की दर अलग-अलग उल्लेख करते हुए पत्रिका की एक प्रति की संपूर्ण दर कर आदि सहित अवश्य उल्लेख करें । जैसे- 1. पत्रिका का आकार 2. आवरण पृष्ठ कागज 3. संदेश पृष्ठ कागज 4. भीतरी पृष्ठ कागज 5. पत्रिका के कुल पृष्ठ 6. अन्य विवरण जैसे- लैमिनेशन, बाइण्डिंग, आवरण पृष्ठ चार रंगयुक्त छपाई, पत्रिका की एक प्रति की दर, पत्रिका के कुल पृष्ठ संख्या 70 से अधिक होने पर प्रति पत्रिका दर आदि ।

भवदीय
20/3/2017.
( अंतर्यामी परिड़ा )
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि : -

- सूचना-पट्ट ।
- जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना विज्ञान कार्यालय (NIC), सचिवालय, दमण को इसे प्रशासन की वेबसाइट पर प्रकाशित करने के अनुरोध सहित ।
- कार्यालय प्रति ।
- दमण/वलसाड/निकटस्थ जिलों के मुद्रक/प्रकाशन ।